हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 30 नवंबर 2025

04 नाबालिग से दुष्कर्म पर दिखा आक्रोश, आधे दिन...



07 15 दिन से बाघ की मूवमेंट पर नहीं जागा वन विभाग





## खबर संक्षेप

### ब्रिज कोर्स के लिए 25 दिसंबर तक करा सकेंगे रजिस्ट्रेशन

**सीहोर।** लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश में 11 अगस्त, 2023 के पूर्व नियुक्त बीएड योग्यताधारी शिक्षकों को ब्रिज कोर्स के लिए अपना रजिस्ट्रेशन 25 दिसम्बर तक वेबसाइट पर करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को परिपत्र जारी किया गया है। परिपत्र में कहा गया है कि प्राथमिक शिक्षक की व्यावसायिक योग्यता के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश पारित किया है। बीएड योग्यताधारी प्राथमिक शिक्षकों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली से 6 माह का ब्रिज कोर्स ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग ओडीएल मोड से कराए जाने का उल्लेख है।

### बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिए बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिए विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाए जाने पर विक्रेताओं के विरुद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने के कारण जिला अस्पताल में बीते 6 साल से निजी अस्पतालों में मरीज करा रहे सोनोग्राफी

# अनदेखी: अस्पतालों में सोनोग्राफी ठप, मरीजों को मजबूरी में करानी पड़ रही महंगी जांच

जिला चिकित्सालय में रोज 1000 से 1400 मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं। इनमें 20 से 25 मरीजों को सोनोग्राफी की जरूरत होती है। लेकिन रेडियोलॉजिस्ट का पद 2019 से खाली है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




जिले के सरकारी अस्पतालों में सोनोग्राफी की सुविधा सिर्फ कागजों में ही उपलब्ध है। जमीनी हकीकत यह है कि प्रतिदिन हजारों मरीज इलाज के लिए कतारों में खड़े रहते हैं, पर उनकी बीमारी का सही कारण जानने के लिए जरूरी सोनोग्राफी नहीं हो पाती। जिला अस्पताल हो या सिविल अस्पताल आष्टा और भैरुंदा। हर जगह मशीनें हैं, लेकिन चलाने वाला विशेषज्ञ नहीं। दर्द मरीज का है, लेकिन कीमत उन्हें ही चुकानी पड़ रही है।

### जिला अस्पताल सीहोर.. मशीन है, मरीज हैं, लेकिन डॉक्टर नहीं

जिला चिकित्सालय में रोज 1000 से 1400 मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं। इनमें 20 से 25 मरीजों को सोनोग्राफी की जरूरत होती है। लेकिन रेडियोलॉजिस्ट का पद 2019 से खाली है। मजबूरी में गर्भवती महिलाओं की जांच महिला डॉक्टरों द्वारा की जाती है, लेकिन पेट दर्द, लीवर, किडनी या अन्य बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को जांच न मिलने के कारण उपचार भी अनुमान पर ही शुरू किया जा रहा है। एक पद खाली होने की वजह से पूरा जिला परेशान है, पर नियुक्ति का कागजी आश्वासन कभी हकीकत नहीं बन पाया। इस संबंध में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर यूके श्रीवास्तव का कहना है कि जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट का एक पद है, लेकिन वह खाली है। इस वजह से दो महिला डॉक्टर ही गर्भवती महिलाओं की जांच करती हैं, बाकी मरीजों की नहीं हो पाती है।

### आष्टा...150 गांवों की उम्मीदें, लेकिन सोनोग्राफी मशीन सिर्फ शोपीस

सिविल अस्पताल आष्टा की स्थिति इससे भी ज्यादा निराशाजनक है। यहां रोज 500-600 मरीज आते हैं, लेकिन सोनोग्राफी मशीन चार साल से शोकेस की सजावट बनी हुई है। हर महीने सिर्फ 9 और 25 तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के अंतर्गत गर्भवतियों की जांच की जाती है। सोनोग्राफी के लिए मरीजों को मजबूरन बाहर निजी केंद्रों पर जाना पड़ता है, जहां फीस 1000 से 2500 के बीच है। जो गरीब घर से दवाई के पैसे भी उधार लेकर आता है, उसकी मजबूरी कौन समझे? इस संबंध में बीएमओ डॉक्टर अमित माथुर का कहना है कि हर महीने 9 व 25 तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की अनुबंधित जगह सोनोग्राफी कराई जाती है। अस्पताल में सोनोग्राफी नहीं हो पाती है।

### भैरुंदा...सप्ताह में सिर्फ तीन दिन और सिर्फ गर्भवती महिलाओं के लिए जांच

भैरुंदा सिविल अस्पताल में वर्ष 2022 में नई मशीन आई थी। उम्मीद बढ़ी थी कि अब सुविधाएं बेहतर होंगी। लेकिन रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने के कारण आज भी सप्ताह में केवल सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को महिला डॉक्टर गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी करती हैं। बाकी मरीजों को बाहर भेज दिया जाता है। अस्पताल प्रबंधन कई बार शासन को पत्र लिख चुका है, पर सुनवाई कौन करे? मरीजों की तकलीफ सरकारी व्यवस्था की भीड़ में कहीं गायब होती जा रही है। भैरुंदा के बीएमओ डॉ. मनीष सारस्वत का कहना है कि रेडियोलॉजिस्ट नहीं है, इस कारण से महिला डॉक्टर ही सप्ताह में तीन दिन गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी करती हैं। हमारी तरफ से इसे लेकर उच्च स्तर पर अवगत कराया है।

### असली सवाल...कब तक? इलाज का अधिकार सुविधा नहीं, जरूरत है

रेडियोलॉजिस्ट की कमी कोई नई बात नहीं, लेकिन आठ साल से लगातार बिगड़ती स्थिति एक बड़ा सवाल खड़ा करती है। क्या गरीबों का स्वास्थ्य वाकई सरकार की प्राथमिकता है? सोनोग्राफी सिर्फ गर्भवती महिलाओं के लिए नहीं, बल्कि हर गंभीर बीमारी की शुरुआती जांच है। मशीनों को दिखावे की वस्तु बनाकर छोड़ देना और मरीजों को निजी क्लीनिकों के भरोसे छोड़ देना न केवल लापरवाही है बल्कि असंवेदनशीलता भी।

### मजबूरी का फायदा निजी सोनोग्राफी सेंटरों की बल्ले-बल्ले

जब सरकारी व्यवस्था दम तोड़ रही हो तो निजी सोनोग्राफी सेंटरों की कमाई शुरू हो जाती है। सीहोर, आष्टा और भैरुंदा में निजी क्लीनिक 1000 से लेकर 2500 रुपए तक वसूल रहे हैं। सही इलाज पाने के लिए गरीबों का दर्द यहां रुपए में तौला जाता है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती कहते हैं कि सरकारी अस्पताल में इलाज नहीं मिलने से कई परिवारों को जांच के लिए गहने गिरवी रखना पड़ते हैं, कई किसान फसल पर कर्ज चुकाने से पहले बीमारी के नाम पर उधारी और बढ़ा लेते हैं। इलाज का हक जिनका है, वही उसके लिए तरस रहे हैं।

## जुआ खेलते 14 गिरफ्तार, 1.37 लाख नकद, 15 मोबाइल और 2 वाहन जब्त



**सीहोर।** जिले के इछावर थाना पुलिस ने गुराड़ी जोड़ के पास एक टपरी में जुआ खेलते हुए 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 1,37,420 रुपए नकद, 15 मोबाइल फोन, ताश के पत्ते और दो चार पहिया वाहन जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर जिले में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी इछावर निरीक्षक पंकज कुमार वाडेकर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग टपरी में रुपये की हार-जीत के लिए जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर छापा मारा और सभी आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया।

गिरफ्तार लोगों में मेहबूब शाह, शोएब शेख, अर्जुन खाती, अकील पठान, आबुल खा, अजीज खां, राकेश देवड़ा, इकबाल खां, अनवर पठान, अमन खान, आमिर कुरैशी, सुभान शाह, जकरिया खान और हकीम मंसूरी शामिल हैं। सभी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया दादा-दादी, नाना नानी दिवस:** सीहोर। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीहोर में ग्रैंडपेरेंट्स डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। प्राथमिक विभाग के बच्चों के दादा-दादी व नाना-नानी तथा संकल्प वृद्ध आश्रम के अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता पर माल्यार्पण से हुई। बच्चों ने सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी और वरिष्ठजनों ने मनोरंजक खेलों में भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

## स्कूल के विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का लिया आशीर्वाद

**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धा आश्रम में शनिवार की सुबह आईईएस स्कूल के छोटे-छोटे विद्यार्थियों ने वृद्ध आश्रम का भ्रमण करवाया। यहां पर विद्यार्थियों ने बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और उनके साथ समय बिताया। स्कूल की ओर से कार्यक्रम के प्रभारी ने बताया कि विद्यार्थियों में नैतिकता तथा अपने बड़े बुजुर्गों के मान सम्मान की भावना पैदा करने के उद्देश्य से स्कूल विद्यार्थियों को स्थानीय वृद्ध आश्रम ले जाया गया। यहां पर विद्यार्थियों ने अपनी पाकेट मनी से एकत्रित की गई राशि से बुजुर्गों को कंबल, राशन सामग्री का सामान आटा, दाल, साबुन, तेल, घी, फल आदि सामान प्रदान किया। इसी तरह छात्राओं ने फल आदि बुजुर्गों को खिलाया।



इस मौके बच्चों द्वारा बुजुर्गों से हंसी ठठोली की गई वहीं बुजुर्गों ने अपने जीवन के अनुभव भी बच्चों से सांझा किए। इस मौके बुजुर्गों ने बच्चों को अपने बुजुर्गों, मां बाप तथा गुरुजनों का सदैव सम्मान करने के लिये प्रेरित किया। इसके अलावा बच्चों को अपने जीवन में मेहनत करने, नशा न करने, झूठ न बोलने तथा पूरी मेहनत से पढ़ाई करने का आह्वान किया। इस मौके पर संकल्प वृद्धाश्रम के संचालक राहुल सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा भक्ति सेवा समिति की ओर से मनोज दीक्षित मामा, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, आश्रम की ओर से बाबू सिंह, आकाश राय आदि शामिल थे।

### 60 में से 50 सफल बच्चों को किया गया पुरस्कृत

## कलर बेल्ट प्रतियोगिता में 50 से अधिक खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




शनिवार को मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के तत्वावधान में शहर के इंदौर नाका स्थित कराटे कोचिंग सेंटर में कराटे कलर बेल्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 60 से अधिक बच्चों ने भाग किया। इसमें 50 बच्चे सफल रहे। इन्हें पुरस्कृत किया गया।

मुख्य प्रशिक्षक कराटे मास्टर कोच लखन ठाकुर के नेतृत्व में कराई गई। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका विमला ठाकुर, त्रयंबक ठाकुर, जिमांशु शर्मा सहित अन्य ने निभाई। प्रतिभागियों में रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय, रेडक्रास सोसाइटी के सचिव विपुल चांडक, संस्कार मंच के सचिव धर्मेन्द्र माहेश्वरी सहित अन्य ने उत्साहवर्धन करते हुए पुरस्कारों का वितरण किया। इस मौके पर संस्था की ओर से बालिकाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। प्रतियोगिता के दौरान येलो, औरेंज ने बेल्ट हासिल किए।

**इन खिलाड़ियों ने हासिल किया प्रमाण-पत्र और बेल्ट:** मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार की सुबह आयोजित इस प्रतियोगिता में येलो बेल्ट हासिल करने वालों में राधिका नागर, अंशुमान ठाकुर, हिमांशी महोश्वरी, आराध्या परिहार, यशराज जामलिया, अंकुर मेवाडा, प्रतीक सेन, इश्किा ठाकुर, ग्रंथ सागवालिया, वेदांश वर्मा, प्रियांश परमार, विवान राठौर, दिव्य वर्मा, निजाय लोट, अर्थव काबड़ी, अनवी वर्मा, प्रिंशा वर्मा, वेनू शुक्ला, ऐडी मकरिया, ललिता चौरसिया, स्वर्णिका ठाकुर, श्रेयांशी सेन, भविष्य ग्वालिया, शिवी राठी, अंशुमान राजपूत, जानवी विश्वकर्मा, कृतज्ञ ठाकुर, दिव्यांशी नौरंग, अंश चंद्रवंशी के अलावा औरेंज बेल्ट प्राप्त करने वालों में राधिका वर्मा, श्रद्धा विश्वकर्मा, माही परमार, कोमल ताम्रकार, महक परमार, सुशांत चंद्रवंशी, वीर जाट, दिव्यांश वर्मा, भविष्य वर्मा, वैभव वर्मा, अंश राज, देवांश राठौर, तरुण वर्मा, रिषभ चंद्रवंशी, यर्थात ठाकुर, देवांश मोहनिया, अधीरा गुप्ता, राजेश्वरी वर्मा, सूर्यांश दुबे आदि शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान माइंडस आई इंटरनेशनल स्कूल इछावर से कोच जिमांश शर्मा, सोनू शर्मा, नीतू लोधी, पायल बागवान आदि शामिल थे।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निमेंश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण-** 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजींव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण-** 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हंर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाशप्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

खबर संक्षेप

### ठंड व शीतलहर से बचाव के लिए नागरिकों को दी सलाह

**सीहोर।** राष्ट्रीय पर्यावरण परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने शीत लहर से बचाव के संबंध में नागरिकों को सलाह दी है। लोगों को शीतलहर से बचाव के संबंध में बताया कि माह दिसम्बर एवं जनवरी में ठंड/ शीतलहर से 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों, वृद्धजनों, दिव्यांगजनों, बेघर व्यक्तियों, दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ति मरीजों एवं खुले में व्यवसाय करने वाले छोटे व्यापारियों पर अधिक प्रभाव पड़ता है। ठंड एवं शीतलहर से नाक बहना, नाक बंद होना, फ्लू, नाक-कान से खून आना, हाथ की ऊंगलियों- कान- नाक अथवा पैर की ऊंगलियों में सफेदी या फीकापन, कपकपी आना, बोलने में कठिनाई, अधिक नींद आना, मांसपेसियों में अकड़न, सांस लेने में तकलीफ, कमजोरी, हाईपोथरमिया/ अल्पताप जैसे लक्षण सामान्यतः पाये जाते हैं। उक्त लक्षण पाये जाने पर नागरिक तत्काल चिकित्सक की सलाह एवं नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार लेने, ऊनी कपड़ों को कई परतों में उपयोग करने की सलाह दी है। शीत लहर के संभावना के समय आवश्यक न हो तो यात्रा नहीं करें। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिये सामग्री की व्यवस्था पूर्व से रखे। फस्ट एड की व्यवस्था रखें। हाईपोथरमिया/ अल्पताप से बचाव के लिये गरम कपड़े, कम्बल, टावेल व शीट का उपयोग करें। गरम तरल पेय पदार्थ का उपयोग करें। विटामिन सी युक्त फल एवं सब्जियों का पर्याप्त सेवन करें, ताकि रोग प्रतिरोधक क्षमता एवं शरीर का तापमान संतुलित रहे। नागरिक हीटर, फायर पॉट, कोयला, अंगीठी का इस्तेमाल बंद कमरों में न करें। इससे कार्बन मोनो डाइऑक्साइड का खतरा होता है।

### गीता जयंती के अवसर पर किया जाएगा समवेत गीता का स्वाध्याय



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर 1 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से 12 तक सीहोर स्थित शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान में सामूहिक समवेत गीता स्वाध्याय का आयोजन किया जाएगा।

इसके साथ ही जिले के सभी स्कूल कॉलेजों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग के अधिकारियों, कॉलेज प्राचार्य और संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गीता जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## बंद को मिला समर्थन: दुर्गा चौक पर आरोपी सलमान का जलाया पुतला, जमकर हुई नारेबाजी

# नाबालिग से दुष्कर्म पर दिखा आक्रोश, आधे दिन रहा बंद नगर, आरोपी को फांसी की मांग

शनिवार दोपहर करीब 12 बजे में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में निवासियों ने एकजुट होकर एसडीएम सुधीर कुशवाहा को ज्ञापन सौंपा।







हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

रायसेन जिले के गौहरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पांजरा में 6 वर्षीय बालिका के साथ कथित दुष्कर्म की घटना ने जिले सहित पूरे प्रदेश को हिला दिया है। इस अमानवीय घटना के खिलाफ शनिवार को भैरूंदा कस्बा पूरी तरह बंद रहा। सुबह होते ही बाजारों ने अपनी चहल-पहल खो दी। सड़कों पर खामोशी और लोगों के चेहरों पर गुस्सा साफ दिखाई दे रहा था। एक ओर बाजार बंद थे, दूसरी ओर हर चौक-चौराहे पर नागरिकों की एक ही मांग गूंज रही थी—"हमारी बेटी को न्याय दो।"

दुकानदारों, सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों ने स्वैच्छिक रूप से विरोध का समर्थन करते हुए अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। मुख्य बाजार, किराना, परचून, मोबाइल शॉप, हार्डवेयर स्टोर, मेडिकल दुकानों सहित नगर का पूरा व्यापार ठप रहा। लोग समूहों में खड़े होकर घटना पर दुख और आक्रोश व्यक्त करते रहे। नागरिकों का कहना था कि मासूम के साथ यह बर्बरता समाज के लिए शर्मनाक है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### दोनों समुदायों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा एसडीएम कार्यालय, ज्ञापन सौंपा

शनिवार दोपहर करीब 12 बजे में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में निवासियों ने एकजुट होकर एसडीएम सुधीर कुशवाहा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग रखी गई कि दुष्कर्म के आरोपी सलमान को फांसी दी जाए। मामले की जांच को और तेज किया जाए, मामले में व्यक्ति पर कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में की जाए ताकि पीड़िता को शीघ्र न्याय मिल सके। प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि पीड़ित परिवार को हर संभव सरकारी सहायता दी जानी चाहिए। ऐसी घटनाएँ समाज को भीतर तक झकझोर देती हैं और इनके विरुद्ध कड़ा संदेश जाना जरूरी है।

### पुलिस प्रशासन अलर्ट पर, सुरक्षा व्यवस्था रही कड़ी

नगर बंद के दौरान किसी भी संभावित स्थिति को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। थाना पुलिस के साथ-साथ अतिरिक्त बल की भी तैनाती की गई। दुर्गा चौक, बस स्टैंड, मुख्य बाजार, और स्कूल क्षेत्र जैसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस जवानों की निगरानी रही। अधिकारी लगातार गश्त करते रहे और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि दोषी के खिलाफ कानूनन कठोर कार्रवाई की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था के बीच भी लोगों का जन-सैलाब लगातार बढ़ता गया। विरोध शांतिपूर्ण रहा, लेकिन लोगों के भाव में गहरा रोष था। नागरिकों का कहना था कि मासूम के प्रति न्याय की यह लड़ाई केवल एक परिवार की नहीं बल्कि पूरे समाज की है।



### दुर्गा चौक पर आरोपी सलमान का पुतला दहन, गूंजे नारे

ज्ञापन सौंपने के बाद भीड़ दुर्गा चौक पहुँची, जहाँ लोगों ने मामले में आरोपी सलमान का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान "न्याय चाहिए", "मासूम को इंसाफ दो", "कड़ी सजा दो" जैसे नारे जोरदार ढंग से गूंजे। नागरिकों ने कहा कि जब तक मामले में न्याय नहीं मिलता, विरोध की आवाज बुलंद रहेगी।

**जन-आक्रोश का संदेश साफ:** न्याय में देरी नहीं, जल्दी चाहिए। शनिवार का दिन भले ही शांत बीता हो, लेकिन भैरूंदा का जन-आक्रोश पूरे प्रदेश तक संदेश दे गया। लोगों की एक ही मांग रही "हमारी बेटी को न्याय दो और जल्द दो।"

## शासकीय महाविद्यालय भैरुंदा की खेल शिक्षिका पर लगा सांसद खेल महोत्सव बाधित करने का गंभीर आरोप



**भैरुंदा।** नगर में चल रहे सांसद खेल महोत्सव के दौरान गुरुवार को शासकीय महाविद्यालय में पदस्थ एक खेल शिक्षिका ने एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। शासकीय महाविद्यालय में पदस्थ खेल शिक्षिका आकांक्षा उज्जेनिया पर आरोप है कि उन्होंने खेल प्रतियोगिताओं में बाधा उत्पन्न करने की नीयत से खेल स्टेडियम की ओर जाने वाले मुख्य और एकमात्र रास्ते पर लोहे की बैरिकेडिंग करवा दी। इस कदम के कारण ग्रामीण टीमों के बीच होने वाले सेमीफाइनल सहित कई महत्वपूर्ण मैच बाधित हुए और पूरा आयोजन लगभग ठप पड़ गया। नगर के खेल स्टेडियम में इन दिनों सांसद खेल प्रतियोगिता के आयोजन चल रहे हैं। शुक्रवार को यहां पर ग्रामीण टीमों के बीच सेमीफाइनल का मुकाबला आयोजित होना था। जिसकी तैयारियां अंतिम चरण में थीं।

इसी दौरान शासकीय महाविद्यालय से होकर स्टेडियम की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर अचानक लोहे की रॉड की बैरिकेडिंग कर दी गई। खेल मैदान पर क्रिकेट प्रतियोगिता में सम्मिलित होने जा रहे खिलाड़ियों और स्थानीय भाजपा नेताओं ने जब यह अवरोध देखा तो वह इसके पीछे का कारण जानने के लिए कॉलेज परिसर पहुँचे। उन्हें पता चला कि यह बैरिकेडिंग शासकीय महाविद्यालय की खेल शिक्षिका आकांक्षा उज्जेनिया के निर्देश पर कराई गई है। मौके पर तुरंत नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना, कपिल खंडेलवाल, अमित मीणा सहित अन्य भाजपा नेता पहुँचे और शिक्षिका से चर्चा कर रास्ता खुलवाने का प्रयास किया। नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना के मुताबिक जब उन्होंने खेल शिक्षिका से सार्वजनिक आयोजन के लिए रास्ता खोलने का अनुरोध किया तो शिक्षिका ने उन्हें और अन्य उपस्थित नेताओं को कथित तौर पर दंगाई कहकर संबोधित किया। यह अमर्यादित संबोधन विवाद का मुख्य कारण बन गया जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। विवाद की सूचना मिलते ही तहसीलदार सौरभ शर्मा भी घटना स्थल पर पहुँचे। प्रशासनिक अधिकारी की मौजूदगी के बावजूद महिला शिक्षिका ने कथित रूप से अपना आक्रामक रवैया बनाए रखा और नेताओं को धमकाया। यह घटना प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच सहयोग की भावना को ठेस पहुँचाने वाली मानी जा रही है। रास्ता रोके जाने और विवाद के कारण लगभग दो घंटे से भी अधिक समय तक यह ड्रामा चलता रहा। जिससे सांसद खेल महोत्सव के दौरान होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता समय पर शुरू नहीं हो पाई। आयोजन में सम्मिलित होने के लिए नगर के कई व्यापारी, ग्रामीण टीमों के खिलाड़ी और अन्य भाजपा नेता आने वाले थे। जिन्हें इस व्यवधान के कारण भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।

### एसडीएम ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

स्थानीय भाजपा नेताओं ने इस पूरे मामले को खेल महोत्सव में जानबूझकर बाधा डालने और जनप्रतिनिधियों के प्रति अमर्यादित आचरण का मामला मानते हुए तत्काल अनुविभागीय अधिकारी से शिकायत की। भाजपा नेताओं के मुताबिक इस तरह की कार्रवाई से क्षेत्र की राजनीति गरमा गई है और यह एक सार्वजनिक कार्यक्रम को रोकने का सीधा प्रयास था। शिकायत की गंभीरता को समझते हुए और सार्वजनिक हित के कार्यक्रम में बाधा उत्पन्न होने के तथ्य को देखते हुए ने त्वरित कार्रवाई की। अनुविभागीय अधिकारी ने खेल शिक्षिका आकांक्षा उज्जेनिया को इस पूरे घटनाक्रम पर तीन दिन के भीतर अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है।

## स्कूल बस और बाइक की आमने सामने भिड़ंत, चाचा-भतीजी की मौत

### समापुरा-नादान गांव के पास की घटना



**सीहोर।** जिले के इछावर थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम करीब 6 बजे हुए दिल दहला देने वाले सड़क हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। समापुरा-नादान गांव के पास स्कूल बस और बाइक की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में 5 वर्षीय मासूम कोयल और उसके 28 वर्षीय चाचा जितेंद्र नायक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। चाचा-भतीजी का घर लौटने का खुशियों से भरा सफर चंद सेकंड में मातम में बदल गया।

जानकारी के अनुसार, जितेंद्र नायक अपने गांव बसंतपुर पांगरी भैरूंदा से डोगरखेड़ा थाना हाटपिपल्या आए थे। यहीं से उन्होंने अपनी भतीजी कोयल को घर ले जाने के लिए बाइक पर बैठाया। बच्ची उत्साहित थी और पूरे रास्ते मुस्कुराती रही। लेकिन समापुरा-नादान के पास पहुंचते ही सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कूल बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों सड़क पर जा गिरे। देखते ही देखते बस के पहिए के नीचे आने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा इतना भयावह था कि दोनों को बचाने का कोई मौका नहीं था। सड़क पर बिखरा खून, टूटी चूड़ियां और मासूम की निर्जीव देह को देखकर वहां मौजूद लोग सन्न रह गए। कुछ ही देर में चीख-पुकार के बीच ग्रामीणों ने पुलिस और इमरजेंसी टीम को सूचना दी। इछावर थाना पुलिस और 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। थाना प्रभारी पंकज वाडेकर ने बताया कि प्राथमिक जांच में स्कूल बस चालक की लापरवाही सामने आई है। बस को जब्त कर लिया गया है और ड्राइवर की तलाश की जा रही है। हादसे के समय बस में बच्चे सवार थे या नहीं, इसकी भी जांच की जा रही है। पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### शीलनाथ मंदिर से चांदी की चरण पादुकाएं चोरी

**देवास।** शहर के आनंद बाग स्थित सद्गुरु श्री शीलनाथ महाराज के प्राचीन मंदिर से चांदी की चरण पादुकाएं चोरी हो गई हैं। यह घटना शुक्रवार को सामने आई, जब एक अज्ञात व्यक्ति मंदिर परिसर से गुरुदेव की पावन चरण पादुकाएं चुराकर ले गया।मंदिर के आसपास लगे घरों के सीसीटीवी कैमरों में एक संदिग्ध व्यक्ति दोपहिया वाहन से निकलते हुए दिखाई दिया है। आशंका जताई जा रही है कि यही व्यक्ति मंदिर पहुंचा था और उसने ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।घटना की सूचना मिलते ही मंदिर से जुड़े सदस्य तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

### 51 कुंडीय यागत्री महायज्ञ का पूर्णाहूति के साथ हुआ समापन

# संस्कारवान, नशा मुक्तआदर्श युवा ही सच्चे राष्ट्र निर्माताः सूरत सिंह अमृते

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बुधनी के दशहरा मैदान मैं चल रही श्रीमद् भागवत प्रज्ञा पुराण कथा में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रतिनिधि के रूप में कार्तिकेय चौहान का आगमन हुआ, उन्होने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि गायत्री परिवार द्वारा चालये जा रहे स्वास्थ्य स्वालम्बन पर्यावरण, नारी जागरण और व्यसन मुक्ति व कुरिति उन्मूलन द्वारा जनमानस के ऊपर पढ़ रहे विपरीत प्रभाव का विस्तृत रूप से उल्लेखन किया।

श्रीमद् भागवत प्रज्ञा पुराण का पूजन करने के बाद कथा व्यास अमृते से आशीर्वाद लिया और आज की कथा में कथा व्यास सूरत सिंह अमृते ने बताया कि भारतीय संस्कृति में ऋषि परंपरा, संस्कारों का महत्व एवं वर्तमान युवा पीढ़ी को नषामुक्त बनाकर भारत को पुनः गौरवशाली राष्ट्र बनाने के उद्देष्य को लेकर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से हापुड़ जिले में धौलाना मे अपने चार दिवसीय प्रवास पर आई टोली द्वार 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत प्रज्ञा पुराण कथा के माध्यम से गुरूदेव आचार्य पं श्रीराम शर्मा के युग निर्माण मिशन को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

हरिद्वार से आए टोली नायक श्री अमृते ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार से कई टोलियाँ पूरे भारत में निकली हैं, जो युवाओं को मिशन के सप्तसूत्रीय क्रांतिकारी आंदोलनों से जोडकर उनमें नई आध्यात्मिक चेतना एवं राष्ट्र जागरण के प्रति नई ऊर्जा का संचार करेंगी। अमृते ने बताया कि हमारी प्राचीन भारतीय ऋषि संस्कृति सारी दुनिया में फैली हुई थी। जिससे बच्चों के अंदर संस्कार एवं आदर्ष भरे थे इसलिए हमारा देश कभी ज्ञान के क्षेत्र में जगद्गुरु था धन के क्षेत्र में सोने की चिडिय़ा कहलाता था। एवं शौर्य के क्षेत्र में चक्रवर्ती था। वही संस्कार परंपरा आज पुनः जागृत हो एवं भारत विश्व गुरू बनकर उभरे इसके लिए शांतिकुंज हरिद्वार विचार क्रांति अभियान के माध्यम से व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, समाज निर्माण एवं युग निर्माण हेतु लगातार प्रयासरत है। अमृते जी ने बताया कि युग निर्माण योजना के संस्थापक वेद मूर्ति पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के साधन के 100 वर्ष एवं माता भगवती देवी की जन्म शताब्दी वर्ष है अखंड दीपक का प्रकट के सौ वर्ष का भव्य कार्यक्रम हरिद्वार में होने जा रहा है। जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों से लगा करके युवा भाई बहनों को दिशा दी जाएगी।

अमृते ने कहा कि जो बच्चे संस्कारों से भटक गए हैं वे नशे के चंगुल में दिशा हीन होकर कई तरह की समस्याओं को जन्म दे रहे हैं। नषामुक्त युवा ही स्वस्थ रहकर आध्यात्मिक और भौतिक विकास कर सकता है साथ ही राष्ट्रोत्थान में अपनी भूमिका निभा सकता है उसके लिए 25 नवंबर को सवेरे से ही सारे संस्कार पुंसवन, नामकरण विद्याराम और दीक्षा संस्कार संपन्न होंगे। टोली नायक श्री अमृते एवं उनके सहायक बनवारी लाल सैनी, सोमार नागेश, नीरज विश्वकर्मा, मनीष साहू सहित सीहोर के समस्त कार्यकर्ता एवं 51 गांव के भाई बहनों के द्वारा समयदानी युवाओं एवं महिलाओं को संकल्प दिलाकर पूरे साल चलने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। इस अभियान को पूरे सिहोर जिला बुधनी जिले में चलाने के लिए यज्ञ एवं कथा के माध्यम से युवाओं एवं भाइयों बहनों को संकल्प कराया।

## तहसील कार्यालय के सामने पिस्टल तानने की घटना से हड़कंप, पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने पहुंचाया



**बुधनी।** तहसील कार्यालय के सामने शुक्रवार शाम क़रीब 5.30 बजे एक विवाद अचानक इतना बढ़ गया कि एक व्यक्ति ने दूसरे पर पिस्टल तान दी। घटना होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और दोनों पक्षों को थाने ले जाकर पूछताछ शुरू कर दी। खबर लिखे जाने तक दोनों पक्ष थाने में बैठाए गए थे तथा मामले की जाँच जारी है।

सूत्रों के अनुसार दोनों व्यक्ति सेना से सेवानिवृत्त बताए जा रहे हैं और एक पेट्रोल पंप के पार्टनर हैं। पैसों के लेनदेन को लेकर दोनों के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। शुक्रवार को वे किसी दस्तावेज की नोटरी कराने तहसील कार्यालय पहुँचे थे, जहां लेनदेन को लेकर कहासुनी हुई और विवाद बढ़ते-बढ़ते झूमाझटकी तक पहुंच गया। इसी दौरान एक व्यक्ति ने पिस्टल निकालकर सामने वाले पर तान दी, जिससे वहां मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। मामले की जानकारी लगते ही एसडीओपी रवि शर्मा स्वयं थाने पहुँचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेकर जांच शुरू की। दोनों पक्षों के बयान लिए जा रहे हैं। प्रथम दृष्टया पुलिस इस मामले में एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर सकती है।

एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि पिस्टल निकालने की घटना गंभीर है और सभी तथ्य एकत्र किए जा रहे हैं। जांच के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जिला पंचायत ने जारी किया आदेश, वित्तीय अनियमिताओं के चलते कार्रवाई

# 4 पूर्व सरपंच 6 साल तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिले की ग्राम पंचायतों में बगैर निर्माण करे राशि का आहरण सहित अन्य लापरवाहियों एवं अनियमिताओं के मामले नए नहीं है। ग्राम पंचायतों के जिम्मेदार पंचायतों के विकास कार्यों के लिए आई राशि तो निकाल लिया करते हैं लेकिन मौके पर कोई काम नजर नहीं आता।

जिले की ऐसी ही चार ग्राम पंचायतों के पूर्व सरपंचों ने अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों के लिए विभिन्न कार्यों के लिए आई राशि तो आहरित कर ली लेकिन कार्य नहीं करवाया। बाद में जिला पंचायत ने उन्हें वसूली या कार्य करवाने के नोटिस प्रदान किए। ग्राम पंचायतों ने बाद में कार्य करवाया वहीं एक पंचायत द्वारा वसूली राशि भी जमा करवा दी गई। लेकिन, उक्त कार्य तब किया गया जहां वित्तीय अनियमितता उजागर हो चुकी थी। ऐसे में जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले ने जिले की जीरापुर जनपद की ग्राम पंचायत घोघटपुर, झाड़मऊ, तमोलिया एवं खिलचीपुर जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत अभयपुर के चार पूर्व सरपंचों को 6 वर्ष के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित करने संबंधी आदेश जारी किए हैं। मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के तहत उक्त कार्यवाही की गई है।

#### ये हैं इन चारों ग्राम पंचायतों के पूर्व सरपंच

जिला पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार घोघटपुर की पूर्व सरपंच सावित्रीबाई, झाडमऊ के पूर्व सरपंच गजपाल सिंह, तमोलिया ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच बल्लभबाई एवं ग्राम पंचायत अभयपुर के पूर्व सरपंच बीरमसिंह शामिल हैं।

#### किस सरपंच ने कितनी राशि निकाली


जीरापुर की घोघटपुर पंचायत में आंगनवाड़ी भवन निर्माण के लिए आए 6 लाख रुपए, झाड़मऊ पंचायत में गौशाला एवं एप्रोच निर्माण की राशि 10 लाख 38 हजार, तमोलिया पंचायत में सामुदायिक स्वच्छता परिसर निर्माण के लिए आए 3 लाख 25 हजार एवं अभयपुर पंचायत में सामुदायिक भवन एवं सार्वजनिक कूप हेतु आई 2 लाख रूपए की राशि पूर्व सरपंचों द्वारा आहरित कर ली गई थी लेकिन कार्य नहीं कराया गया।

बाद में जिला पंचायत ने उक्त पंचायतों को वसूली के नाटिस प्रदान किए जिसके उपरान्त अभयपुर सरपंच द्वारा 2 लाख रुपए राशि जमा करवा दी गई वहीं अन्य सरपंचों ने राशि जमा न करवाते हुए निर्माण कार्य पूर्ण करवा दिए। चूंकि, वित्तीय अनियमिता तो साबित हो चुकी थी ऐसे में उक्त चारों सरपंचों को अब मप्र पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के प्रावधानों के तहत 6 वर्ष के लिए निरर्हर (चुनाव लड़ने हेतु अयोग्य) घोषित किया गया है।

### पीड़िता ने न्याय के लिए सीएम से लगाई गुहार

## आत्महत्या की कोशिश के कारणों की जांच व आया के पद पर पुनः नियुक्ति की मांग

**ब्यावरा।** 3 अगस्त को सिग्मा इंफोटेक आउटसोर्स कंपनी द्वारा पीड़िता को मानसिक प्रताड़ना व तनाव के चलते आत्महत्या करने की कोशिश की थी जिसकी शिकायत तत्कालीन कलेक्टर, सिविल सर्जन व सीएमएचओ से की गई। जिसकी जांच का आश्वासन दिया गया था परंतु आज दिनांक तक उसकी जांच नहीं हो पाई और दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी तरह के आरोप को आधार बनाते हुए पीड़िता रीना बामनिया ने एक शिकायती आवेदन मुख्यमंत्री को दिया है। जिसमें सिग्मा कंपनी के तात्कालीन सुपरवाइजर उदयसिंह व संतोष सिंह को इस बात के लिए



जिम्मेदार बताया गया है कि उन्होंने ही आया के पद पर होने के बाद भी 12-12 घंटे काम करवाया और महीने में अवकाश तक नहीं दिए गए थे। ऐसे में रीना ने मुख्यमंत्री से गुजारिश की है कि वह उन्हें न्याय दिलाते हुए पुनः आया के पद पर नियुक्ति करवाने व दोषियों पर कार्रवाई करने में मदद करें जिससे हम अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके।

#### उदयसिंह बोले - पुलिस में बयान हो गए हैं

वहीं जब मामले को लेकर तात्कालीन कंपनी के सुपरवाइजर उदयसिंह से बात की गई तो उन्होंने बोला है कि मामले में जांच हो रही है और मेरे बयान पुलिस में हो गए हैं। कंपनी कभी भी किसी को मानसिक प्रताड़ित नहीं किया और न ही मैंने सारे आरोप झूठे व असत्य हैं उनका कोई आधार नहीं है।

### *मटन मार्केट हटाने के लिए वार्डवासियों ने दिया ज्ञापन*

*__माचलपुर।__ नगर के वार्ड क्रामंक 15 आवास कॉलोनी में रहवासी बस्ती में संचालित मटन मार्केट जिसके कारण वहां रहने वाले को लोगो को परेशानियों का लगातार सामना करना पड़ता है इस मार्केट को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग लगातार वार्ड के निवासियों द्वारा लगातार की जा रही है। लगातार इसे हटाने मांग के बावजूद भी इसे मार्केट को हटाने की कोई कार्यवाही नहीं की गई है! ज्ञापन में कहा गया है की अगर आठ दिनों में इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। ज्ञापन देने वालों में नगर यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद गुर्जर दयाराम राठौर, राधेश्याम गुर्जर, रवि राठौर, लालचंद कुम्हार,पप्पू ठाकुर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।*

### पुलिस के हस्तक्षेप के बाद खुला ताला, सफाईकर्मी बैठे हड़ताल पर

## सफाईकर्मियों ने नपा में लगाया ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



दो माह से वेतन न मिलने से नाराज नगर पालिका के दैनिक वेतन भोगी सफाईकर्मियों का धैर्य गुरुवार को टूट गया। कर्मचारियों ने नगर पालिका परिसर में ताला लगाकर विरोध जताते हुए अनिश्चिकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

कर्मचारियों का कहना है कि पिछले दो महीनों से वेतन भुगतान नहीं किया गया, जिससे परिवार के भरण-पोषण में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके विरोध में उन्होंने ताला डालकर काम बंद करने का निर्णय लिया। प्राप्त ज्ञापन के अनुसार सफाईकर्मियों ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को बताया कि दो महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। कई कर्मचारी परिवार चलाने, बच्चों की पढ़ाई तथा रोजमर्रा के खर्चों को पूरा करने में असमर्थ हो रहे हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन और अधिक उग्र किया जाएगा। ताला लगाए जाने की जानकारी मिलते ही नगर पालिका प्रशासन और थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंची तथा कर्मचारियों से चर्चा कर समझाइश दी। वहीं सीएमओ ज्योति सुनेरे ने कर्मचारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि नगर पालिका में 25 लाख की चुंगी आती है जबकि कर्मचारियों का वेतन 55 लाख तक पहुँचता है।

### विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक में जिपं सीईओ के निर्देश

## 5 उपयंत्री व 2 सहायक यंत्रियों का तीन दिवस का वेतन काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के संबंध में शुक्रवार दोपहर जिला पंचायत सभागार में सभी जनपदों के सहायक यंत्री, उपयंत्रियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान 'एक बगिया मां के नाम' योजना में कम प्रगति नजर आने पर खिलचीपुर जनपद के तीन उपयंत्रियों एवं एक सहायक यंत्री का तीन दिवस का वेतन काटने के निर्देश जिपं सीईओ इच्छित गढ़पाले ने प्रदान किए।

इस तरह उक्त योजना में लापरवाही पर नरसिंहगढ़ जनपद के भी एक सहायक यंत्री एवं दो उपयंत्रियों का 3 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। सीईओ गढ़पाले द्वारा मनरेगा योजनाओं, आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की जा रही थी।



#### 1 दिसंबर से सार्थक एप पर उपस्थिति अनिवार्य

उक्त समीक्षा बैठक में जिपं सीईओ ने सभी जनपद कार्यालयों के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, इंजीनियरों के लिए आगामी 1 दिसंबर से रजिस्टर की बजाय सार्थक एप पर ही अपनी अटेंडेंस लगाने के तल्ख निर्देश प्रदान किए गए हैं। कईं बार देखने में आया कि जनपदों के कर्मचारी फील्ड में रहने का बहाना बनाकर या अगले दिवसों में आकर रजिस्टरों में उपस्थिति दर्ज कर दिया करते थे। ऐसे में जनपदों से जुड़े सभी अमले को सार्थक एप पर ही अपनी उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

## छात्रों ने किया औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण




**तलेन।** इकलेरा हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने में एसबीएस प्राइवेट आईटीआई तलेन का भ्रमण किया व आईटीआई में लिए जाने वाले प्रशिक्षण की जानकारी प्राप्त करी छात्रों ने पजप करने के बाद किस क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं इसकी जानकारी दी गई। छात्रों के साथ स्कूल की प्राचार्य प्रियंका बिझानी शिक्षक रविन्द्र सेन विनोद कुमार दयाराम लववंशी भी साथ रहे एसबीएस आईटीआई के संचालक नंदकिशोर यादव व शिक्षक अंकित शर्मा, शाहरुख मंसूरी द्वारा सभी छात्रों को आईटीआई में करियर संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई।

### निरीक्षण के लिए विक्की अमेरिका जाएंगे

## बीना रिफाइनरी की पुरानी कंट्रोल यूनिट बदलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



बीना रिफाइनरी में तकनीकी आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। रिफाइनरी की करीब 16 साल पुरानी कंट्रोल यूनिट को बदलकर अत्याधुनिक नई कंट्रोल यूनिट स्थापित की जा रही है। इस यूनिट का परीक्षण, गुणवत्ता जांच और तकनीकी निरीक्षण करने के लिए ब्यावरा निवासी विक्की खस 29 नवंबर को अमेरिका रवाना होंगे।

विक्की खस मूल रूप से ब्यावरा के निवासी और वरिष्ठ पत्रकार कमल खस के अनुज भ्राता हैं। वे वर्तमान में भारत पेट्रोलियम की बीना रिफाइनरी में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। रिफाइनरी के संचालन, नियंत्रण व्यवस्था और तकनीकी प्रबंधन में उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए चयनित किया गया है। विक्की अमेरिका के शिकागो शहर स्थित तकनीकी सेंटर में पहुंचकर नई कंट्रोल यूनिट का विस्तृत निरीक्षण करेंगे। यह यूनिट इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के अनुसार तैयार की जा रही है। निरीक्षण के दौरान वे यूनिट की कार्य क्षमता, सेफ्टी पैरामीटर, कंट्रोल सिस्टम रिस्पॉन्स, ऑटोमेशन टेस्टिंग और विभिन्न तकनीकी प्रक्रियाओं का गहन विश्लेषण करेंगे। सभी परीक्षण सफल होने के बाद इस यूनिट को भारत भेजा जाएगा और बीना रिफाइनरी में स्थापित किया जाएगा। विक्की खस ने बताया कि नई कंट्रोल यूनिट के आने से रिफाइनरी की कार्य क्षमता, सुरक्षा और उत्पादन दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### घुरेल पहाड़ी पर पशुपतिनाथ महादेव का मंदिर बनेगा

## नवीन मंदिर निर्माण कार्य का मंत्री पंवार ने किया भूमिपूजन

**ब्यावरा।** विधानसभा क्षेत्र की पावन घुरेल पहाड़ी पर स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव के नवीन मंदिर निर्माण कार्य का शुभ भूमि पूजन श्रद्धा और भक्ति के पवित्र वातावरण में सम्पन्न हुआ। भूमि पूजन के मुख्य अतिथि प्रदेश के मंत्री नारायण सिंह पंवार रहे, जिन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ विधि-विधान से पूजन कर मंदिर निर्माण की शुरुआत की।

इस अवसर पर मंत्री पंवार ने निर्माणकर्ताओं से कहा कि घुरेल पहाड़ी केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है। ब्यावरा विधानसभा ही नहीं, आसपास के जिलों के नागरिक भी यहां गहरी श्रद्धा से भगवान पशुपतिनाथ का दर्शन करने आते हैं। इसलिए यह मंदिर ऐसा बने जो सबकी श्रद्धा को पूर्णता दे और क्षेत्र की पहचान बने।

उन्होंने आगे कहा कि भगवान का मंदिर बनाने का सौभाग्य उनकी प्रेरणा से ही मिलता है। हम सभी सिर्फ एक निमित्त हैं वास्तविक कार्य तो उनकी इच्छा से ही



पूर्ण होता है। मंदिर निर्माण किसी सामान्य कार्य की तरह नहीं, बल्कि अत्यंत पुण्य और दिव्य कार्य है। उन्होंने स्थानीय समिति, सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से घुरेल पहाड़ी पर बनने वाला यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि क्षेत्र के विकास, पर्यटन और रोजगार के नए द्वार भी खोलेगा।

### उद्धबोधन को कांट-छांटकर प्रस्तुत किया

## आईएएस संतोष वर्मा के पक्ष में उतरी अजाक्स, सौंपा ज्ञापन



**राजगढ़।** ब्रहामण समाज की बेटियों के लिए कथित रूप से अपमानजनक बयान देने के चलते जिले सहित पूरे प्रदेश में भत्र्सना झेल रहे आईएएस संतोष वर्मा के पक्ष में अजाक्स संगठन सामने आया है। अजाक्स संगठन के कईं जिला पदाधिकारियों ने शुक्रवार शाम कलेक्टोरेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 23 नवंबर को भोपाल में आयोजित संगठन के प्रांतीय अधिवेशन में प्रांताध्यक्ष संतोष वर्मा ने सामाजिक समरसता, सद्भाव, जातिवाद उन्मूलन संबंधी 27 मिनट का उद्धबोधन दिया था। अगर उक्त संबोधन को पूरा सुना या देखा जाए तो यह रोटी-बेटी के संबंधों पर आधारित एवं जात-पात से ऊपर उठकर मानवता एवं संविधान को सर्वोपरि मानने की प्रेरणा देता है। लेकिन, कुछ समाज विरोधी तत्वों द्वारा उक्त 27 मिनट के भाषण में से महज 07 सेकंड की वीडियो क्लिप बनाकर भ्रामक तरीके से सामाजिक वैमनस्य फैलाने हेतु प्रसारित एवं प्रचारित कर दिया गया।

## सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट हाईस्कूल में स्पोर्ट्स डे का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सेंट जॉर्ज कॉनवेंट हाईस्कूल में वार्षिक खेल दिवस का शुभारंभ उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उज्जैन धर्मप्रान्त के बिशप डॉ. स्वास्टीन वडक्कल द्वारा किया गया। उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में खेल एवं अनुशासन के गहरे संबंध को रेखांकित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है और विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व तब और बढ़ जाता है जब हम हार-जीत को सहज स्वीकारते हुए आगे बढ़ने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक प्रतियोगिता सीखने का अवसर देती है तथा हार अगले प्रयास को और श्रेष्ठ बनाती है। कार्यक्रम की शुरुआत बैंड की धुनों पर गरिमा के साथ हुई। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को आनंदमय बना दिया।

### माचलपुर के राजपुरा से सटे गांवों में लोग दहशत में जीने को मजबूर

## 15 दिन से बाघ की मूवमेंट पर नहीं जागा वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

पिछले 15 दिनों से माचलपुर के राजपुरा, फिरोजपुरा, घाटाखेड़ी, रांगडा (राजस्थान) व आसपास के गांवों में बाघ की मूवमेंट के चलते लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं। राजपुरा गांव के सरपंच शिवसिंह गुर्जर ने बताया की पिछले 15 दिनों से खेतों में व आसपास जंगल में बाघ देखा जा रहा है जिसने कई हिरणों व नीलगायों का शिकार की किया है। इसकी सूचना उन्होंने वन विभाग को भी दी परंतु विभाग ने दिलचस्पी न लेते हुए गा्रमवासियों को भगवान भरोसे छोड़ दिया। चूंकी सभी गांव राजस्थान की सीमा से चंद मीटर की दूरी पर ही है शायद वन विभाग इसी को आधार बनाकर ग्रामीणों को अपने हाल पर छोड़ गए नहीं तो बाघ की सूचना मिलने पर उसे पकड़ने की पहल क्यों नहीं की गई।



#### नहीं कर पा रहे अपनी फसलें

राजपुरा व आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि हम बाघ के डर के कारण अपने खेतों पर नहीं जा पर रहे। अभी पानी व खाद देने का समय है परंतु हम लोग खेतों पर नही जा रहें हैं साथ ही अपने दुधारू जानवर भी बाहर निकालने में डर लग रहा है।

#### रात में ग्रामीणों ने निकलना किया बंद

ग्रामीण बताते हैं कि हमने एहतियात के तौर पर रात में निकलना बंद कर दिया है क्योंकि बाघ का कोई ठिकाना समझ ही नहीं आ रहा की वह कब कहां घटना घटित कर दे।

#### इनका कहना है...

पहले डिप्टी रेंजर जाए और हमें सूचना दें तब हम जाएंगे। हमारे पास कोई सूचना नहीं है।

**डीके भिलाला, उड़नदस्ता प्रभारी**

हमें सूचना प्राप्त हुई थी और हमने सर्च भी करवाया परंतु बाघ के मूवमेंट के निशान नहीं मिले फिर भी हमारे बीट प्रभारी बाघ होने की पुष्टि करने पूरी नजर बनाए हुए हैं।

**शिवकुमार चौहान**
**रेंजर वन विभाग**

## समता परिषद ने मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले की 135वीं पुण्यतिथि



**सारंगपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुले महान समाज सुधारक होने के साथ-साथ महिला शिक्षा एवं सामाजिक सुधारो के पक्षधर थे उन्होंने समाज को नई दिशा देने एवं प्रगतिशील चिंतक होने के साथ-साथ निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करते हुए समाज में सामाजिक समरसता का काम किया उन्होंने अस्पृश्यता, शोषण व भेदभाव के विरुद्ध हमेशा संघर्ष किया। यह बात फूल माली समाज सारंगपुर क्षेत्र एवं महात्मा ज्योतिबा फुले समता परिषद जिला इकाई द्वारा शुक्रवार को नया बस स्टैंड स्थित महात्मा फुले प्रतिमा स्थल पर आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद ने कहीं कार्यक्रम को हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉक्टर धुरव भल्ला मुक्तिधाम समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया समाजसेवी खुशी लाल पुष्पद पार्षद प्रतिनिधि राधेश्याम बागवान महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद सहित अन्य अतिथियों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके कार्यों को विस्तार से बताया। सभी अतिथियों ने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान अन्य लोग मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### साइकिल व खेल सामग्री का किया वितरण

**आष्टा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में सरकार बेटियों को आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाने की दिशा में कई हितकारी योजनाएं चला कर उसका लाभ पहुचा रही है। इसी कड़ी में एक और सशक्त कदम बढ़ाते हुए आष्टा विधानसभा क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूल खामखेड़ा बैजनाथ, मैना एवं सेवदा के विधायर्थियो,छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। मैना मंडल के ग्राम मैना में सांसद खेल महोत्सव का विधायक ने शुभारम्भ किया। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की साइकिल मिलने से अब हमारी बेटियों के लिए स्कूल आना ओर पढ़ाई कर घर जाना पहले से और भी सुगम व आसान होगा। आज इस अवसर पर विधायक ने विद्यालय के खिलाड़ियों को आवश्यक खेल सामग्री का भी वितरण किया । मैना में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सांसद खेल महोत्सव का शुभारम्भ किया ।आज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खामखेड़ा बैजनाथ, सेवदा, मैना में प्रवास के दौरान किसानों ने कई समस्याओं से भी अवगत कराया उनकी समस्या सुनकर मौके से ही अधिकारियों को किसानों की समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिये। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आज कई खेल भी विभिन्न टीमो के बीच खेला गया ।इस अवसर पर सायकल वितरण कार्यक्रम में धर्मसिंह आर्य,सुनील फरेला, बीआरसी अजबसिंह राजपूत, विष्णु परमार,जितेन्द्र सोलंकी,धीरज पटेल,रोहित आर्य,संतोष बारोड, संतोष वर्मा,पुरषोत्तम मंडलोई,नीलेश सक्सेना,धर्मसिंह मंडलोई,सीताराम वर्मा आदि उपस्तिथ थे।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ

**देवास।** शासकीय कार्यालय कार्यों को डिजिटल एवं अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से प्रदेश में ई-ऑफिस प्रणाली लागू की गई है। ई-ऑफिस प्रणाली पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम वन मंडल कार्यालय देवास में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण जिला सूचना अधिकारी मनीष कुमार खत्री द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान खत्री ने ई-ऑफिस के महत्व, फाइल निस्तारण की गति, पारदर्शिता बढ़ाने तथा मॉनिटरिंग को सुगम बनाने के विषय में विस्तारपूर्वक अवगत कराया।

---

रेसई परियोजना से अगले सीजन में किसानों को मिलेगा सिंचाई का पानी

# 1815 करोड़ की परियोजना: अंडरग्राउंड नहरों का जाल बिछाने का 80 प्रतिशत कार्य पूरा

पार्वती नदी पर रेसई सिंचाई परियोजना के तहत बांध बनने के साथ ही अंडरग्राउंड लाइन बैरसिया तक बिछाई जा चुकी है। पंप हाउस बनकर तैयार है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। भले ही करोड़ों की लागत वाली रेसई सिंचाई परियोजना का काम कोविड और अन्य कारणों से विलंबित हुआ हो, लेकिन स्थानीय विधायक सुदेश राय की निरंतर निगरानी और प्रयासों के चलते सीहोर जिले के किसान अब निराशा से बाहर निकल रहे हैं। जहां परियोजना का काम राजगढ़ जिले में अभी भी अधूरा है, वहीं सीहोर क्षेत्र में अंडरग्राउंड नहरों का जाल बिछाने का कार्य काफी हद तक पूरा कर लिया गया है, जिससे अगले सिंचाई सीजन में जिले के हजारों किसानों को नियमित पानी मिलने की उम्मीद जगी है।

बता दें लगभग 1815 करोड़ की लागत वाली यह परियोजना पार्वती नदी पर बनी है, जिसका लक्ष्य राजगढ़, सीहोर और भोपाल के कुल 139 गांवों की 45 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचित करना है। विधायक सुदेश राय ने इस प्रोजेक्ट की धीमी गति पर शुरू से ही चिंता व्यक्त की थी और संबंधित अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें कर काम में तेजी लाने पर जोर दिया। इसी का परिणाम है कि जिले की श्यामपुर तहसील के 7 गांव और भोपाल की बैरसिया तहसील के 18 गांवों को पानी पहुंचाने वाली अंडरग्राउंड नहरें लगभग बिछ चुकी हैं। सीहोर क्षेत्र का पंप हाउस बनकर तैयार है, जिसमें जल्द ही मशीनें लगनी हैं और कनेक्शन किए जाने हैं।

### अगले सीजन में पानी शुरू करने का लक्ष्य

एसडीओ डब्ल्यूआरडी आकाश जैन ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया पार्वती नदी पर रेसई सिंचाई परियोजना के तहत बांध बनने के साथ ही अंडरग्राउंड लाइन बैरसिया तक बिछाई जा चुकी है। पंप हाउस बनकर तैयार है, जिसमें मशीन लगने के साथ ही कनेक्शन किए जाने हैं। इस बार दो मीटर पानी रोका गया है, जिससे फरवरी 2026 में टेस्टिंग करेंगे। इसके बाद अगले सीजन 2026-27 में सीहोर के 7 और बैरसिया के 18 गांवों को सिंचाई के लिए रेगुलर पानी दिया जाएगा।

### विधायक ने किसानों को दिलाया भरोसा



विधायक सुदेश राय ने कहा कि यह परियोजना सीहोर के किसानों के लिए जीवनरेखा है। उन्होंने कहा पिछले दो वर्षों में मैंने हर मंच पर इस परियोजना के काम को गति देने की मांग की है। यह संतोष का विषय है कि राजगढ़ की तुलना में सीहोर जिले में काम पूरा होने की कगार पर है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि अगले रबी सीजन में हमारे किसानों को हर हाल में सिंचाई के लिए पानी मिले। जनता के धन की बर्बादी नहीं होने दी जाएगी और प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द क्रियान्वित किया जाएगा।

---

# महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

## आ रही समस्याएं हल करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शनिवार को एनएसयूआई द्वारा शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में अंशु ठाकुर प्रदेश सचिव के नेतृत्व में नामांकन समिति और परीक्षा समिति में सुधार कराने के विषय में महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन प्रभारी प्राचार्य भास्कर परमार ने लिया। इस दौरान संगठन से दीपक गोस्वामी ने बताया कि नामांकन समिति और परीक्षा समिति में जिन लोगों को चयनित किया गया है। उसमें से कंप्यूटर रूम में कोई भी मौजूद नहीं रहते हैं और बच्चे जाते हैं तो उनको जानकारी नहीं मिल पाती है। बच्चा परीक्षा का एडमिट कार्ड लेने की जानकारी हो या फॉर्म जमा करने की जानकारी हो वापस घर चला जाता है। जिससे बच्चों की लेट फीस लगती और उनको उचित जानकारी नहीं मिलती है। ज्ञापन के माध्यम से एनएसयुआई ने इसमें सुधार करनेकी मांग की, वही जिन लोगों को चयनित समिति में गठन किया गया है उन लोगों को कहा जाए कि बच्चों को उचित जानकारी दें, समिति में सुधार किया जाए। जिन लोगों को सही जानकारी है उन लोगों को ही यह काम दिया जाए। ज्ञापन का वाचन नितेश ठाकुर ने किया। ज्ञापन देने वालों में जोगेंद्र ठाकुर, हेमंत पंवार, विशाल गोस्वामी, करिश्मा चौहान, शिवानी, कौशल पटवारी, शुभम, कान्हा पटेल सहित कई छात्र मौजुद रहे ।

### ब्राह्मण समाज ने वर्मा की गिरफ्तारी को लेकर दिया आवेदन

**देवास।** शुक्रवार को सर्व ब्राह्मण महासभा संघ के सदस्य बड़ी संख्या में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। बीते दिनों आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की मातृशक्ति को लेकर की गई कथित टिप्पणी के बाद समाज में भारी नाराज़गी देखने को मिल रही है जिसे लेकर समाज के प्रतिनिधियों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर संतोष वर्मा की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लिखित आवेदन दिया। ब्राह्मण समाज महासंघ के अध्यक्ष प्रशांत शर्मा ने कहा कि आईएएस संतोष वर्मा ने जिस तरह ब्राह्मण समाज की बेटियों का अपमान किया है, वह स्वीकार्य नहीं है।

---

# शासकीय प्राथमिक शाला डोराबाद के शिक्षक श्रवण कुमार झा को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शिक्षा विभाग में अपनी लंबी सेवाएं देने के पश्चात सेवानिवृत हुए श्रवण कुमार झा सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला डोराबाद का सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राम लाल पगारे तहसीलदार, सतीश बिरथरे कानूनगो आष्टा और शिक्षा विभाग के कई सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षकों के साथ वर्तमान में संकुल केंद्र में पदस्थ शिक्षक गण निर्वाचन शाखा आष्टा में कार्यरत शिक्षक प्रेम नारायण श्रीवास्तव, दीपक सेन आदि उपस्थित रहे। श्रवण कुमार झा न केवल शिक्षा विभाग में बल्कि राजस्व विभाग में भी अपनी सेवाएं प्रदान करते रहे। उनके द्वारा निर्वाचन और जनगणना में उत्कृष्ट कार्य किए गए। सेवानिवृत्त वाले माह में भी उनके द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लगातार कार्य संपादित कर 1502 मतदाताओं वाले केंद्र का कार्य पूर्ण कराया गया। बहुत ही मिलनसार सहयोग भाव रखने वाले शिक्षक के रूप में चिर परिचित है। सभी उपस्थित लोगों के द्वारा उनके भविष्य के लिए मंगल कामनाएं करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की गई।

---

# सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुसार पूरे देश में सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम चल रहे हैं इसी क्रम में जावर मंडल में स्थानीय सांदीपनि विद्यालय में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन हुआ मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि सभी बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल में रुचि एवं शारीरिक रूप से खेल को बढ़ावा देने हेतु अच्छे प्रतिभा को आगे आने का अवसर मिले इस हेतु सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने सभी बच्चों के साथ खेल का आनंद लिया एवं विजेता टीम को पुरस्कृत किया जिससे मुख्य रूप से लोकप्रिय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ,वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, कल्याण सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र केशव ,जय सिंह ठाकुर, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वेद, उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान, नरेंद्र सिंह ठाकुर डोडी मंडल अध्यक्ष ,अजब सिंह राजपूत, नितिन कौशल, महामंत्री राजा ठाकुर, धर्मेंद्र मालवीय ,हरीश सोनी, शिवम सोनी, पार्षद मदन विश्वकर्मा, वीरेन्द्र ठाकुर ,राजपाल ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर ,अकबर सिद्दीकी विद्यालय का पूरा स्टॉप नप के सभी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

---

# विद्यार्थियों ने अपनी पॉकेट मनी और संस्था के सहयोग से धनराशि एकत्रित कर ठंड से बचने गरीबों को गर्म कपड़े और बच्चों को शिक्षण सामग्री का किया वितरण





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

सौरमदेवी चिल्ड्रन केयर और वेलफेयर सोसाइटी जावर (सौरभ सुंदरम शिक्षण संस्थान) के विद्यार्थियों द्वारा डायरेक्टर हेमा मंजीता पांचाल के मार्गदर्शन व विचारों से प्रेरित होकर एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना रखते हुए सौरभ सुंदरम जावर शैक्षणिक संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा स्वयं निजी गुल्लक पॉकेट मनी व संस्था के सहयोग से धनराशि एकत्रित कर जरूरतमंद, निर्धन, असहाय, बेसहारा एवं वंचित लोगों व दीर्घकालीक अनुपस्थित छात्र-छात्राओं,बच्चों को उनके बीच बस्ती में जाकर वार्ड क्रमांक दो माली पुरा, वार्ड क्रमांक 6 गारोड़ीया पट्टी, वार्ड क्रमांक 8 मोगिया पूरा बस्ती में विद्यार्थियों के साथ संस्था के शिक्षक और शिक्षिका परिवार के सहयोग से ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए बुजुर्ग महिला पुरुषों को कड़ाके की ठंड से बचने के लिए ब्लैंकेट कम्बल व दीर्घकालिक अनुपस्थित बालक/बालिका विद्यार्थियों को पढ़ने लिखने की शैक्षणिक सामग्री किट वितरण किए गए। इस अवसर पर सामग्री वितरण के समय उपस्थित जन समुदाय को शिक्षक अतुल शर्मा, नारायण पाटीदार, फैजल खान, वीरेन ठाकुर, शिक्षिका कल्पना सिसोदिया, शीतल भावसार ने संबोधित करते हुए बच्चों को स्कूल जाने एवं शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया।

शैक्षणिक सामग्री प्राप्त करने पर बच्चों के चेहरे पर मीठी सी मुस्कान, उत्साह, उमंग के साथ शिक्षा प्राप्त करने की उत्सुकता देखने को मिली, जब बुजुर्गों को कंबल वितरण किए गए तो उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद एवं दुआओं के साथ इस कार्य की बहुत प्रशंसा की। इस अवसर पर प्राचार्य मुकेश पांचाल ने बताया की दो दिवस तक विद्यार्थियों द्वारा परमार्थ सेवा का कार्य किया।

इसी के साथ संस्थान में शैक्षणिक कार्यों के साथ अध्यनरत विद्यार्थियों के मध्य समाज में एक दूसरे के प्रति दया भाव और सहयोग की भावना रखते हुए कमजोर जरूरतमंद व्यक्ति,बच्चों को सहायता करने से समाज में समरसता व एक दूसरे के प्रति सम्मान रखने से समाज मैं सद्भावना बनी रहती है, एवं सामाज, क्षेत्र तथा राष्ट्र के विकास में सहायक होते हैं, आदि विचारों के साथ संस्था में विद्यार्थियों का निर्माण किया जाता है।

---

# जावर क्षेत्र के मतदाओं के शत प्रतिशत किए गए गणना पत्रक डिजिटलाइज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन द्वारा चलाए जा रहे नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में जावर तहसील अंतर्गत सभी 99 मतदान केंद्रों के कुल 83917 मतदाताओं के गणना पत्रक बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा शत प्रतिशत डिजिटाइज कर दिए गए है। अनुविभाग अधिकारी एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आष्टा नितिन टाले, तहसीलदार जावर एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ओमप्रकाश चोरमा एवं नायब तहसीलदार सिद्धांत सिंगला ने इस कार्य में संलग्न बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई दी है। तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा द्वारा बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एस आई आर ) के कार्य में शत प्रतिशत मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था, जिसे इस काम में लगे सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने टीम भावना से सतत एवं कठिन परिश्रम करते हुए पूर्ण किया गया है।

---

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत पॉलिटेक्निक कॉलेज में कार्यक्रम

# 100 दिवसीय सघन अभियान के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



महिला एवं बाल विकास विभाग देवास द्वारा शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज देवास में केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे ''बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय सघन अभियान'' के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षण संस्थानों के माध्यम से बाल विवाह की कुप्रथा के प्रति छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को जागरूक करना और उन्हें इस सामाजिक बुराई को खत्म करने के संकल्प से जोड़ना है। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर सोनल भाटी, समस्त प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थिगण उपस्थित थे। महिला एवं बाल विकास विभाग से परामर्शदाता डॉ. एकता जायसवाल ने छात्रों को ''बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय सघन अभियान'' के बारे में जानकारी दी। आस फाउंडेशन से सरिता राजपूत ने बाल विवाह के सामाजिक, कानूनी और स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह कानूनी रूप से अपराध है। कार्यक्रम में भारत को बाल विवाह से मुक्त बनाने और अपने आसपास ऐसी किसी भी घटना की सूचना बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल या संबंधित अधिकारियों को देने का संकल्प लिया। यह शपथ महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा दिलवाई गई।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग से संरक्षण अधिकारी दीक्षा कुशवाह एवं आस फाउंडेशन की टीम उपस्थित थी। जिला कार्यक्रम अधिकारी साबिर अहमद सिद्दीकी ने बताया कि यह 100 दिवसीय अभियान 08 मार्च तक विभिन्न चरणों में संचालित किया जाएगा। पहले चरण में देवास जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में संवेदीकरण सत्र और शपथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आगामी चरणों में विवाह सेवा प्रदाताओं को भी अभियान से जोड़ा जाएगा तथा ग्राम पंचायत स्तर पर बाल विवाह मुक्त गाँव बनाने के प्रस्ताव पारित कराए जाएंगे। उन्होंने जिले के युवाओं से अपील की कि वे इस अभियान को एक जन आंदोलन बनाएं और बाल विवाह के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद करें, जिससे देवास को 'बाल विवाह मुक्त भारत योद्धा' जिलों की श्रेणी में शामिल किया जा सके।

---

# पंचायतों में 25-25 लाख के सामुदायिक भवन निर्माण की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जब लक्ष्य तय हो,ओर लक्ष्य को पाने का दृढ़ निश्चय हो तो सफलता और सौगात मिलती ही है । यही कारण है की जब से आष्टा विधायक के रूप में क्षेत्र की देवतुल्य जनता ने अपना आशीर्वाद भाजपा के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को दिया है तभी से वे इस क्षेत्र को लगातार विकास की सौगातें दिन रात कड़ी मेहनत कर आष्टा विधानसभा क्षेत्र को दिला रहे है । क्षेत्र के दौरों के दौरान लगातार ग्रामीणों ने अपनी अपनी पंचायतों में सार्वजनिक कार्यो एवं कार्यक्रमो को करने के लिये पंचायतों में सामुदायिक भवनों की मांग की गई थी । ग्रामीण जनों,ग्राम पंचायतों के सरपंचों की मांग पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को अपने आष्टा विधानसभा क्षेत्र की करीब 50 पंचायतों के लिये एक एक सामुदायिक भवन स्वीकृत करने की मांग के प्रस्ताव सौपे ओर लगातार किये गये प्रयासों के परिणाम स्वरूप 25-25 लाख की लागत से 50 पंचायतों में सामुदायिक भवन निर्माण के लिये 11 करोड़ 75 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जानकारी देते हुए बताया की मप्र शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र की जनपद पंचायत आष्टा की ग्राम पंचायत पाड़ालिया राम, पारदीखेड़ी, बफापुर (ढाकनी ), बमुलिया रायमल, बरखेड़ा, बरछापुरा, बेदाखेडी, भंवरा, भूफोड़, भेरूपुर, मुगली, मोलूखेड़ी, रसूरपुरा, रामपुरा कलां, लसूडिया पार, लसूडिया सूखा, लोरॉंस कलॉ, शंभुखेड़ी, सामरदा, सेंन्धोखेड़ी, सेवदा, हसैनपुरा खेड़ी, अतरालिया, अरनिया गाजी, अरोलिया आष्टा, आमला मज्जू, कजलास, कल्याणपुर, कानराखेड़ी, किलेरामा, कुमडावदा, खजूरिया जावर, खडी हाट, गाजना, चाचरसी, चिन्नोठा, चुपडिया, जगमालपुर, जताखेड़ा, जीवापुर महोडिया, झिलेला, टाण्डा, टिगरिया, डाबरी, डूका, नवरंगपुर, नौगांव, पगारिया राम, पटारिया गोयल पंचायत के लिये एक एक सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हो गई है।